तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

14 इंस्पायर अवार्ड के लिए जिले के 127 इनोवेटिव ...

14 एकलव्य विद्यालय का केंद्रीय अधिकारियों...

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

शपथ ग्रहण : शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जनआकांक्षाओं के मुताबिक शहर को संवारना सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका

- नगरजनों के विश्वास पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास : निखिलकांत

नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, युकां प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में अपर कलेक्टर डॉ. रविराज ठाकुर ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जीत के बाद बड़ी जिम्मेदारी: ताम्रध्वज साहू

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महासमुंद की जनता ने भरपूर स्नेह व आशीर्वाद दिया है। नगरवासियों की आकांक्षाओं के मुताबिक शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाकर संवारना आप सभी की जिम्मेदारी है।

जनहित में हो कर्तव्य पालन

भाजपा के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने शहर के विकास को गति देने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और सभी पार्षदों को मिलकर कार्य करने प्रोत्साहित किया। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को जनता के हित में निरंतर सक्रिय रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही।

दिव्यांग पार्षद से मिले भिलाई विधायक

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने शहर के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 15 की दिव्यांग पार्षद ईश्वरी संजय भोई से मंच में ही नीचे बैठकर मुलाकात की और जनहित के लिए कार्य करने उनका हौसला बढ़ाया। श्री यादव ने ईश्वरी के पति संजय भोई से आत्मीय चर्चा कर उनके हौसले को सलाम किया तथा नगर पालिका में अध्यक्ष श्री साहू के साथ मिलकर नगर विकास में सहयोग देने की बात कही।

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. रविराज ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, उप अभियंता दिलीप कश्यप सहित पालिका प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दलगत राजनीति को दूर रख अलग महासमुंद बनाने की तैयारी: निखिलकांत

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि नगर की जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसमें वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मंच पर उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जो मार्गदर्शन दिया और जो अनुभव साझा किए उसका लाभ लेते हुए मैं वार्ड के सभी पार्षदों के साथ मिलकर शहर विकास में अपना पूरा योगदान दूंगा। जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे नगर की बागडोर सौंपी है उसी विश्वास के साथ मैं आप सभी को निश्चित करना चाहता हूं कि शहर के हर अंतिम व्यक्ति तक के घर तक मूलभूत सुविधा पहुंचेगी और उनके वार्डों का पर्याप्त विकास होगा। जो पार्षद चुनकर आए हैं चाहे वे किसी भी पार्टी से हों हम सभी दलगत राजनीति से उठकर, साथ बैठकर, जनता से चर्चा कर एक नया महासमुंद बनाने की ओर हमेशा अग्रसर रहेंगे।

होली से पहले दुकानों से खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए मिठाइयों के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

होली पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई दुकानों की सघन जांच की गई। एसडीएम उमेश साहू के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानू ने टीम के साथ बागबाहरा और पिथौरा की प्रमुख मिठाई दुकानों पर दबिश देकर मिठाइयों के सैंपल लिए। जांच के दौरान बागबाहरा के जलाराम मिष्ठान भंडार से जलेबी, बर्फी और कलाकंद के नमूने लिए गए। वहीं दशमेश होटल से बूंदी लड्डू और गाठिया के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए गए। हर्षद मिष्ठान्न भंडार से पेड़ा, चमचम और गुलाब जामुन के नमूने लिए गए। इसी तरह पिथौरा स्थित प्रतीक स्वीट्स से खोवा और कलाकंद के नमूने लिए गए।

एसडीएम साहू ने बताया कि त्योहार के दौरान मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है, जिससे मिलावट की संभावना भी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए दुकानों की जांच की गई और संदेहास्पद खाद्य पदार्थों के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम उमेश साहू ने दुकानदारों को साफ-सफाई और शुद्धता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। यदि किसी भी दुकान में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित दुकानदारों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर की टक्कर से मां-बेटी घायल

महासमुंद। तालाब से पैदल घर आ रही मां-बेटी को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गईं। मामले रिपोर्ट पर पटेवा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को प्रार्थी कमल साहू ने बताया कि 3 मार्च को पूजा साहू और उसकी पुत्री मायरा साहू श्याम नगर झलप गांव के तालाब से वापस घर पैदल आ रही थी। दोपहर करीबन 1.30 बजे घर के ही सामने पहुंची थी कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 08 एबी 8082 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पूजा साहू एवं मायरा साहू को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए झलप के अस्पताल में दाखिल कराया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कराया गया है।

ग्रेटर रायपुर का सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट
शानदार एमेनिटीज के साथ

गोल्डन बोनस डील
100 ग्राम* सोना फ्री
ऑफर सिर्फ आज के लिए

7 Wonder City
APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in

प्रीमियम आवासीय प्लॉट
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप

लग्जरियस क्लब हाउस जहाँ
असीम सुविधाएँ, अनंत खुशियाँ

Seven Wonder City के विश्वस्तरीय क्लब हाउस में आपको मिलती है आधुनिक खेल सुविधाएँ और प्राकृतिक सुकून का अद्भुत मेल। यहाँ आप अपनी व्यस्त दिनचर्या के बाद शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए शानदार जिम और स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ का आनंद ले सकते हैं। साथ ही, प्रकृति की गोद में कुछ सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

"आपकी जिंदगी में सुनहरा मौका सही समय पर एक सही फैसला जो आज और कल दोनों को चमकाए"

कीमतें बढ़ने से पहले बुक कीजिये अपना प्लाट

रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, भारत माला परियोजना के नजदीक

*Term & Conditions Apply

Embassy

7 वंडर सिटी | 7389900999, 6262110999

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

2500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 100 ग्राम सोना फ्री, 2000 sq.ft की रजिस्ट्री पर 80 ग्राम सोना फ्री, 1800 sq.ft की रजिस्ट्री पर 72 ग्राम सोना फ्री, 1500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 60 ग्राम सोना फ्री, 1300 sq.ft की रजिस्ट्री पर 52 ग्राम सोना फ्री, 1200 sq.ft की रजिस्ट्री पर 48 ग्राम सोना फ्री, 1100 sq.ft की रजिस्ट्री पर 44 ग्राम सोना फ्री, 900 sq.ft की रजिस्ट्री पर 36 ग्राम सोना फ्री

खबर संक्षेप

शराब पिलाने की सुविधा दो लोगों पर कार्रवाई

महासमुंद। शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे दो लोगों के खिलाफ कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को शराब भठ्ठी कोमाखान के पास दो लोगों द्वारा लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी कन्हैया धीवर पिता रामचंद्र धीवर (46 साल) लुकूपाली थाना कोमाखान और डिगेश बघेल पिता रामलाल बघेल (29 साल) बंधापार थाना कोमाखान के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

गोठान से सोलर सिस्टम चोरी

महासमुंद। ग्राम रूढ़ा के गोठान से सोलर सिस्टम चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रेशमलाल पटेल पिता परसराम पटेल (47 साल) सरपंच ग्राम पंचायत रूढ़ा ने रिपोर्ट लिखाई है कि ग्राम पंचायत रूढ़ा के गोठान में क्रेडा विभाग द्वारा सोलर पंप स्थापित किया गया था जिसमे से 8 नग पैनल 32000 रुपए, केबल 200 मीटर 2000 रुपए , कंट्रोलर 15000 रुपए, पाइप 200 फीट 4000 रुपए कुल योग 53000 के सामान को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।\

गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

पेट्रोल पंप संचालक से लूट, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। माना थाना क्षेत्र के कमल विहार चौक के पास तीन दिन पूर्व सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कारोबारी की कार को बाइक से ठोकर मारकर उनके साथ विवाद कर लूट की थी। हरीश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में बलराज मानिकपुरी उर्फ सन्नी, लोकेश यादव उर्फ लल्ला, कुलदीप सिंह उर्फ मोंटू को गिरफ्तार किया है। हरीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को अपनी कार से समता कालोनी स्थित घर जा रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसकी कार को ठोकर मार दी और कार को ओवरटेक कर रोक लिया। फिर कारोबारी को कार से निकालकर उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और कारोबारी की जेब में रखे कैश 76 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए।

शपथ ग्रहण : विधायक, पूर्व सांसद समेत अनेक जनप्रतिनिधि हुए शामिल, नगर विकास पर दिया जोर

बागबाहरा में नपाध्यक्ष समेत 15 पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर पालिका परिषद के तीसरे सत्र के लिए अध्यक्ष सहित 15 पार्षद ने शुक्रवार को संस्कृतिक भवन परिसर में शपथ ली। इस दौरान मंच पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर, डिंपल धुव, युगल पांडे, थानसिंग दीवान मंच पर विराजमान रहे।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत प्रशासन द्वारा अधिकृत अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू ने सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल को शपथ दिलाई। इसके बाद सभी 15 वार्डों के पार्षदों को एक-एक कर शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष व सभी पार्षदों ने पद और गरिमा की शपथ ली। सविता दीवान पार्षद वार्ड नं.1, देवेश साहू पार्षद वार्ड नं 2, कुलेश देवांगन पार्षद वार्ड नं.3, शैलेष साहू पार्षद वार्ड नं.4, प्रीति महेंद्र गुप्ता पार्षद वार्ड नं.5, रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड नं.6, मंता यादव पार्षद वार्ड नं.7, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड नं.8, मिथुन अमीर पार्षद वार्ड नं.9, थानूराम पांडे पार्षद वार्ड नं.10, रुपेश (प्रेम) साहू पार्षद वार्ड नं.11, श्यामा लोकू चंद्राकर पार्षद वार्ड नं.12, उदय चंदेल पार्षद वार्ड नं.13, शिवा जगत पार्षद वार्ड नं.14, अनिता अजीत तांडी पार्षद वार्ड नं.15 ने शपथ ली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि आप जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि है और जनता के समस्याओं का समाधान आपका परम कर्तव्य है। जनता की हित के मुद्दों को लेकर दलगत की राजनीति नहीं होनी चाहिए। जनता का हित सर्वोपरि है। भले ही आप जनप्रतिनिधि अलग-अलग दल से चुनकर आए हुए हैं, लेकिन जनता का हित सर्वप्रथम है। उन्होंने आगे कहा कि कर्म से ही परिणाम आता है। खिलेश्वरी बघेल पूर्व में पार्षद के रूप में 5 वर्ष जनता के बीच रहकर जनता की समस्याओं का समाधान किया, आज उसी का ही परिणाम है कि मतदाता शक्ति ने खिलेश्वरी बघेल को अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया। विधायक यादव आगे कहा कि अध्यक्ष परिषद का मुखिया होता है, विकास के मुद्दे को लेकर परिषद में किसी भी प्रकार की दलगत की भावना नहीं होनी चाहिए। विधायक ने कांग्रेस का नगर अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बागबाहरा नगर वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बागबाहरा नगर पालिका को प्रदेश में एक पहचान मिले। नगर विकास के लिए हमेशा अध्यक्ष व पार्षद तत्पर रहे, ऐसी आशा करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि नवनिर्वाचित पार्षदों को अनुभवी पार्षद प्रशिक्षित कर शहर को आदर्श बागबाहरा के रूप में पहचान दिलाने हेतु प्रयास करें। वहीं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने सर्वप्रथम बागबाहरावासियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष पद में रहकर मैंने सेवक के रूप में जनता की सेवा करने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि मैं अपेक्षा करती हूं कि सभी प्रतिबद्धता को भूलकर एकता कायम कर विकास कार्य के तत्पर रहूंगी। श्रीमती बघेल ने आगे कहा कि हम सभी को आपसी मतभेद को भूलकर नगर की स्वच्छता की ओर ध्यान देना मेरा प्रथम कर्तव्य रहेगा और बागबाहरा की जनता ने मुझे पर जो विश्वास जताया है, उसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, विवेकानंद ठाकुर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा, मनोहर ठाकुर, हरीश पांडे, मदन देवांगन, दुबे लाल साहू, दीपक यादव, समीम कुरैशी, गिरीश पटेल, फूलसिंह ध्रुव, ताम्रध्वज बघेल, डेमन साहू, पंकज हरपाल, नवनीत सलूजा, लखबीर छाबड़ा, संजय मालवे, गगन सलुजा, भैया राम चंद्राकर, दिलीप कुमार सेन, श्रीवत्सकर, बड़ा खान, रुपेश तिवारी, बसंत दुबे, बसंता ठाकुर, मोगेश चंद्राकर, भोजनाथ देवांगन, भावेश पुरोहित, नीरज सोनी, प्रकाश मानिकपुरी, दादू उइके, भगत मांझी, मोती पुजारा, शशि प्रताप सिंह, नगर पालिका के कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे। संचालन राजेश कौशिक एवं आभार प्रदर्शन सीएमओ डीएल बर्मन ने किया।

बसना में नगर पंचायत अध्यक्ष समेत पार्षदों ने लिया शपथ

बसना। बसना नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल और 15 पार्षदों ने अपने पद की शपथ पुष्पवाटिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद रुपकुमारी चौधरी, विधायक डॉ संपत अग्रवाल सहित नगरवासियों की उपस्थिति में लिया। वही सांसद, विधायक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई देते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को नगर के प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात कहीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल ने देवतुल्य बसना की जनता, सांसद व विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के हर जनकल्याणकारी योजना को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना प्राथमिकता होगी। साथ ही युवाओं को नई दिशा प्रदान करना और अपने नगर पंचायत को विकास की ओर बढ़ाना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बसना सूरज सिदार द्वारा समस्त अतिथियों एवं पत्रकारों एवं समस्त जानता और नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पार्षद व विधायक सांसद का आभार व्यक्त किया।

ब्लेकलॉक स्कूल में टैलेंट हंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उड़ान जीएसएस सोसायटी के बैनर तले ब्लेक लाक स्कूल परिसर में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर के पार्षद माखन पटेल एवं विशेष अतिथि विजय सिन्हा मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उड़ान जीएसएस सोसायटी की संचालिका डॉ अनिता जी रावटे ने की। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम ब्लेलाक स्कूल के सांवरीन, युक्ति, तरूण एवं ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने अनेक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

फैशन शो की प्रस्तुति सराहनीय रही। कपीश, विकास, तरुण द्वारा इस प्रस्तुति की विशेषता थी कि बच्चों ने वेस्ट से बेस्ट थीम पर अपना परिधान स्वयं तैयार किया। तरूण, वर्षा, भावेश आदि ने बेहद मर्मस्पर्शी नाटक को भी पेश किया। जिसमें वतर्मान ज्वलंत मुद्दे पर प्रकाश डाला गया। जिसमें तीन पीढ़ियों के जनरेशन गैप को बखूबी दिखाया गया तथा संदेश दिया गया कि घर में बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही रौनक होती है, हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। उन्हें अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। उड़ान सोसायटी जीएसएस की संस्थापिका डॉ अनिता जी रावटे ने सभी बच्चों को उनके उद्देश्यपूर्ण, प्रेरक प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप कल के भावी नागरिक एवं भारत देश का भविष्य है।

आपके इस प्रकार की प्रस्तुति से हमें बहुत उम्मीद होती है कि हमारे देश का भविष्य सुनहरा होगा। डॉ अनिता जी. रावटे ने कहा कि यदि हम ठान लें और अपने ख्वाबों को पूरा करने की दृढ़ संकल्प लें तो किसी भी प्रकार का आर्थिक सामाजिक अवरोध हमें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। आभार प्रदर्शन कुमुद ठाकुर ने किया।

छग राजभाषा आयोग के प्रांतीय सम्मेलन में खरे ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ व्यंग्यकार व कवि रामेश्वर वैष्णव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का आठवां दो दिवसीय सम्मेलन रायपुर में हुआ। मुख्य अतिथि के स्वागत-सम्मान के लिए पांच वरिष्ठ साहित्यकारों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मंडल में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे को शामिल किया गया था, जिन्होंने गुलदस्ता भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत व सम्मान किया। वहीं स्थानीय आत्मानंद महाविद्यालय की प्राचार्या एवं साहित्य मनीषी डॉ. अनसुइया अग्रवाल ने पुरखा के सुरता सत्र में साहित्य मर्मज्ञ स्व. डॉ. विमल कुमार पाठक के व्यक्तित्व व कृतित्व पर सारगर्भित व्यक्तव्य दिया, जो इस जिले के लिए गौरव के पल रहे। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व कवि टेकराम सेन के नेतृत्व में काफी तादाद में जिले के कवि व साहित्यकारों ने काव्यपाठ के सत्र में अपनी ज्ञानवर्धक व रुचिकर रचनाओं का रोचक अंदाज में सस्वर पाठ कर काफी प्रशंसा व तालियां बटोरी। जिनमें महासमुंद से डॉ. साधना कसार, डॉ. रामशरण चंद्राकर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, बागबाहरा से हबीब समर, धनराज साहू, अनुराग द्विवेदी, डिजेंद्र कुर्रे, मानकदास मानिकपुरी, चंद्रकांत सेन, पिथौरा से डॉ. सरोज साव, बसना से प्रेमचंद साव एवं सरायपाली से यशवंत चौधरी ने जिले का नाम रोशन किया। आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार के युवा नेतृत्व में आयोजन काफी सफल रहा। जिले के कलमकारों ने आयोग का नौवां प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन महासमुंद जिले में करने के लिए आयोग से निवेदन किया।

शहर में नि:शुल्क ब्लड ग्रुप एवं शुगर जांच शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मां डिजिटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सर्विसेस द्वारा बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति परिसर दादाबाड़ा में नि:शुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर जांच, वजन, हाइट नि:शुल्क मापा गया।

6 व 7 मार्च को आयोजित उक्त नि:शुल्क जांच परीक्षण शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने नि:शुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर जांच कराकर अपना वजन माप करवाया। शिविर स्थल पर लोगों ने स्वतः उपस्थित होकर जांच कराया। शिविर का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें प्रमुख रूप से लैब संचालक ललित कुमार चक्रधारी, इशू चंद्राकर, नरेश यादव, चुरामन यादव, लक्ष्मी साहू, दीप यादव, कैलाश मानिकपुरी, बंटी साहू आदि उपस्थित रहे।

संपत्तिकर जमा नहीं किया, 2 बड़े बकायादार की फर्म को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा 300 करोड़ के राजस्व वसूली टारगेट को पूरा करने इन दिनों बड़े बकायादारों पर फोकस कर रहा है। गुरुवार को नगर निगम जोन 10 की टीम ने दो बड़े बकायादार द्वारा डिमांड बिल नोटिस की अंतिम सूचना देने के बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इनमें बोरियाखुर्द के श्रीराम कंस्ट्रक्शन और प्रोग्रेसिव पाइंट स्थित हॉटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकाम की फर्म शामिल है। नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग ने कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बड़े बकायेदार श्रीराम कंस्ट्रक्शन बोरियाखुर्द द्वारा बकाया राशि 10 लाख 17 हजार रुपये के संपत्ति कर का भुगतान अंतिम सूचना देने के बाद भी नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसी तरह एक अन्य बड़े बकायादार प्रोग्रेसिव पॉइंट होटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकॉम द्वारा बकाया राशि 33 लाख 37 हजार 118 रुपये का संपत्ति कर बकाया डिमांड बिल की अंतिम सूचना देने के बाद भी जमा नहीं किये जाने पर बकायादार के सम्बंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। धमतरी रोड में कलर्स माल के सामने पारेख शो रूम द्वारा बकाया राशि 8 लाख 79 हजार 111 रुपये का बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर 3 दिनों के भीतर बकाया संपत्ति कर जमा करने की हिदायत दी है। इसी तरह बड़े बकायादार होटल उत्सव रेसीजन्सी एवं कोल्ड रेस्टोरेंट के डायरेक्टर को 11 लाख 89 हजार 312 रुपये अदा नहीं किये जाने पर 3 दिनों के भीतर अपनी सम्पतिकर बकाया राशि अदा करने की कड़ी हिदायत दी गयी है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की चेतावनी जोन 10 के सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा स्थल पर दी गई।

विकसित भारत-छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगति का बजट: शुभ्रा

महासमुंद। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नगर पालिका परिषद के पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने कहा कि बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगति का बजट है।

प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कृषि व किसान कल्याण, युवाओं को रोजगार व शिक्षा, शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन, अधोसंरचना ग्राम विकास, जनजातीय समुदाय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के साथ ही सर्वस्पर्शी बजट से जन-जन की सुरक्षा एवं प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। शुभ्रा मनीष शर्मा ने कहा कि य बजट छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। बजट में महतारी वंदन योजना में वृद्धि कर 5500 करोड़ रुपए किया जाना, आगामी 3 वर्षों में लखपति योजना के माध्यम से प्रदेश की 8 लाख महिलाओं को लखपति बनाना, 7 वर्किंग वूमैन हॉस्टल, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं और महिलाओं को समर्पित महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। 50 करोड़ रुपए के बजट से बनने वाले ये सदन महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करेंगे।

एयरटेल वालों ने किया पाइप लाइन डेमेज, रमण मंदिर वार्ड के रहवासी रहे परेशान

रायपुर। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित रमण मंदिर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में अचानक पीने के पानी की समस्या आ रही थी। वार्डवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के साथ वार्ड के समीप रेलवे स्टेशन के पास पाइप लाइन ट्रेस किया। उन्हें वहां पर पाइप लाइन में 2 जगह लीकेज मिले। यह लीकेज एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने के कार्य के दौरान पाइप लाइन डेमेज होने से हुआ है।

निगम के नए आयुक्त विश्वदीप ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईएएस अफसर विश्वदीप ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का पदभार संभाल लिया है। निवृत्तमान आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। श्री मिश्रा को धमतरी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यों की जानकारी ली।

इसके साथ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिका निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी के प्रगति पर चर्चा की। नवपदस्थ आयुक्त ने 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभागार में आयोजित प्रथम सम्मिलन बैठक में प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-08
के सभी देवतुल्य एवं देवीस्वरूपा मेरे परिवारजनों का जिनके आशीर्वाद से मुझे विजय श्री प्राप्त हुई है।
आपका हार्दिक आभार...
अदम्य साहस, सम्मान, समानता और त्याग की प्रतिमूर्ति समस्त नारी शक्ति को
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती हुलसी जितेंद्र चंद्राकर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत-महासमुंद
अध्यक्ष, ग्रामीण भाजपा महिला मोर्चा
पूर्व उपसरपंच, ग्राम पंचायत बेलसोंडा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-23 के समस्त जनता जनार्दन के सहयोग, स्नेह, आशीर्वाद के लिए तहेदिल से हार्दिक आभार
मुस्कुरा कर दर्द भुलाकर..
रिश्तो में बंद थी दुनिया सारी!
हर पग को रोशन करने वाली,
वो शक्ति है एक नारी
नारी शक्ति को नमन
विश्व महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

8 मार्च

श्रीमती तिजन रामेश्वर साहू
सदस्य, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23

राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाली मातृ शक्ति को शत-शत् नमन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं

अनिता जी रावटे
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका महासमुंद

भारत में नारी का स्थान सर्वोच्च रहा है और आज कोई भी क्षेत्र (सेना, खेल, पुलिस, शिक्षा, देशसेवा) महिलाओं के योगदान से अछूता नहीं है..
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
पर सभी माताओं, बहनों को
हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती निधि लोकेश चंद्राकर
सदस्य, जनपद पंचायत-महासमुंद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर देश की प्रगति और उन्नति में सहभागी सभी मातृ शक्तियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती लता कमलेश टाण्डेय
सरपंच, ग्राम पंचायत-पटपरपाली
पंचगण-धलेश्वरी साहू, हवंत कुमार साहू, हेमलता साहू, मुकेश कुमार गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांती साहू, मोहन साहू, चैतराम, धनउ राम साहू एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-पटपरपाली

एक सशक्त समाज के निर्माण के लिए नारी शक्ति के सम्मान का संकल्प हैं

श्रीमती अश्वनी हुमन दीवान
सदस्य, जनपद पंचायत महासमुंद

हुमन दीवान
जनपद सदस्य प्रतिनिधि

जनपद पंचायत क्षेत्रवासियों के सर्वांगीण और चहुमुखी विकास के लिए आपसभी का सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार...

मा. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, महासमुंद लोकसभा

समाज को आकार और संस्कार देने में जिनका अद्वितीय योगदान रहा है, उन सभी महिलाओं को नमन..
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
पर समस्त नारी शक्तियों को
शत-शत् नमन

श्रीमती तारेश्वरी पीलेश्वर पटेल
सदस्य, जनपद पंचायत-बागबाहरा

जनपद पंचायत क्षेत्रवासियों के सर्वांगीण और चहुमुखी विकास के लिए आपसभी का आशीर्वाद एवं सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार...
मैं खुद को धूप से कैसे हटा लूं
मेरे साए में कोई सो रहा है...
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर समस्त नारी शक्ति को कोटि-कोटि नमन एवं
हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीमती नीता तुलाराम साहू
सदस्य, जनपद पंचायत महासमुंद

जनपद पंचायत क्षेत्रवासियों के सर्वांगीण और चहुमुखी विकास के लिए आपसभी का सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार...
आज महिलाओं के अदम्य साहस, शक्ति और सामर्थ्य के सम्मान का दिन
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर देश की समस्त महिला शक्ति को
शुभकामनाएं

श्रीमती अंजली जगन्नाथ खैरवार
सदस्य, जनपद पंचायत-महासमुंद

नारी तू नारायणी
नारी का सम्मान जहाँ है, संस्कृति का उत्थान वहाँ है।
विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करने का दिन
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ



श्रीमती अनिता हरेंद्र साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत-शेर
पंचगण-धनिता टेमन साहू, भारती ताराचंद, किरण ओमकुमार, संतोषी राजेन्द्र साहू, लक्षनि आलखू निषाद, देवला कुंजलाल ध्रुव, हेमू दीवान, बलराम साहू, लंकेश्वर पटेल, ओमकार साहू एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-शेर

खबर संक्षेप

खट्टा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

पटेवा। ग्राम खट्टा में स्व. राधाबाई नायक की स्मृति में 5 मार्च से 12 मार्च तक श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका साध्वी राधिका किशोरी धाम अयोध्या है। कथा सुनने आसपास के श्रद्धालुगण भारी संख्या में पहुंच कर लाभ ले रहे है। आयोजक खेमराज नायक, गायत्री बाई नायक, चुनु नायक, दिलीप नायक, गणेश नायक, गोकुल नायक एवं रूखमणी नायक है।

14 को होली पर शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए शुक्रवार 14 मार्च 2025 को होली पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने होली के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भण्डारण भांडागार महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

दोपहर में तेज धूप, सुबह मौहारी ठंड

नर्रा। दोपहर में तेज धूप और सुबह मौहारी ठंड ने एक बार फिर लोगों को स्वेटर, शाल जैकेट आदि का उपयोग करने पर मजबूर कर दिया है। बता दें कि इस मार्च के महीने में सप्ताहभर बाद होली का त्यौहार है। दोपहर में तेज धूप के साथ ही उमस का अहसास हो रहा है। वहीं अलसुबह अच्छी ठंड पड़ने से लोग गर्म कपड़े का उपयोग कर रहे हैं। क्षेत्र में महुआ फूल गिरने लगे हैं। कहावत बना हुआ है कि इसे मौहारी ठंड भी कहते है।

भटगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव के प्रधान पाठक गुणनिधि बघेल के पुत्र हिमांशु बघेल के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को चावल, दाल, सब्जी के अतिरिक्त खीर, पूड़ी, भजिया आदि परोसा गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष प्रेम कुमार यादव, घनेश साहू, युवा नेता नेमीचंद दीवान, सालिक राम दीवान, बी. जोशी, एचएम के दीवान आदि मौजूद रहे।

निधन

घनश्याम साहू

बिरकोनी। ग्राम कांपा निवासी घनश्याम साहू (58) का देहांत 6 मार्च गुरुवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिक जन शामिल हुए। वे भुवन लाल साहू के बेटे व पुष्पा साहू के पति व भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती साहू, नंदकुमार साहू के भाई व विकास साहू, मोरज साहू के पिता थे।

इंस्पायर अवार्ड के लिए जिले के 127 इनोवेटिव आइडिया का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा

- जिले के चयनित छात्रों को मिलेगा कुल 12 लाख 70 हजार रुपए का अवॉर्ड

इंस्पायर अवार्ड की सूची जारी की गई, जिले से कुल 127 छात्रों के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। चयनित नवाचारी प्रोजेक्ट्स को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय से दस हजार रुपए जारी किए जाएंगे। जिले के चयनित छात्रों को कुल 12 लाख 70 हजार रुपए का अवॉर्ड मिलेगा।

प्रतिवर्ष भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा स्कूली छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इंस्पायर अवार्ड मानक का आयोजन किया जाता है। सत्र 2024- 25 में महासमुंद जिले से 127 छात्रों के नवाचारी आइडिया का चयन किया गया है। ये छात्र प्राप्त अवार्ड की राशि 10 हजार में से अपने नवाचारी आइडिया को प्रोटोटाइप में बदलने का काम कर जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे। जहां से आगे चयनित होने पर विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रदर्शनी तक पहुंचने पर पेटेंट एवं

स्टार्टअप के लिए सहयोग एवं तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है। इस वर्ष जिले में इंस्पायर अवार्ड मानक को सभी स्कूली बच्चों तक पहुंचाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी हेमेंद्र आचार्य के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम का गठन विकासखंड स्तर पर किया गया था। विज्ञान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा के साथ महासमुंद में खेमराज साहू शिक्षक, बागबाहरा में सुबोध कुमार तिवारी व्याख्याता, पिथौरा में विवेक वर्मा व्याख्याता, बसना में प्रेमचंद साव शिक्षक तथा सरायपाली में निर्मल प्रधान व्याख्याता को ब्लॉक नोडल बनाया गया था। जिन्होंने छात्रों एवं उनके गाइड शिक्षकों को इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए पंजीयन की बारीकियों को बताकर अधिकाधिक पंजीयन के लिए प्रेरित किया।

इस सत्र में इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए जिले से चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला नोडल अधिकारी हेमेंद्र आचार्य, जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा ने हर्ष जताया है।

जायजा : निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक सुविधाओं का किया गया मूल्यांकन

एकलव्य विद्यालय का केंद्रीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का भारत सरकार के उच्चाधिकारियों द्वारा गुरुवार की दोपहर गहन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में आईएएस आशीष चटर्जी (एमडी ट्रायफेड), प्रभाकर खदाने (रीजनल मैनेजर), कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा तथा सहायक आयुक्त शिल्पा साय (आदिवासी विकास महासमुंद) शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। विद्यालय में दी जा रही शिक्षा,

पाठ्यक्रम, शिक्षकों की उपलब्धता और छात्रों की उपस्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही आवासीय सुविधाएं, छात्रावासों की स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, पेयजल और रहने की स्थिति का निरीक्षण किया गया। आधिकारियों ने अनुशासन और सुरक्षा मानकों, अनुशासन व्यवस्था और अन्य आपातकालीन व्यवस्थाओं की जांच की गई। अन्य आवश्यक सुविधाएं: पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल-कूद की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कुछ आवश्यक सुधारों के सुझाव दिए गए, ताकि छात्रों को और अधिक बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना तथा छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना था। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने सभी बिंदुओं पर तत्काल अमल करने के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली में एसएमडीसी शाला प्रबंध समिति की हुई बैठक

महासमुंद। जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली में बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में एसएमडीसी (स्कूल मैनेजमेंट डेवलपमेंट कमेटी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय की विभिन्न प्रशासनिक एवं बुनियादी समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके निराकरण के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था, सुविधाओं की स्थिति, भोजन एवं छात्रावास से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। विद्यालय प्रशासन एवं समिति के सदस्यों ने इन मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे विद्यालय की जरूरतों को प्राथमिकता दें और विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा एवं सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विद्यालय में हाल ही में निर्मित अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया गया। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के महत्व को समझाया और उनकी पढ़ाई व भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

शपथ लेते ही पार्षद मनोज का नगर के यातायात व्यवस्थाओं पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद मनोज गहेरवाल शपथ लेते ही एक्शन मूड में नजर आ रहे हैं। नगर के मुख्य मार्गों में दुकान के सामने रखे वाहन और सामग्रियों से होने वाले दुर्घटना और समस्याओं से नगर पंचायत

अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ एनके अग्रवाल एवं सीएमओ सूरज सिदार को पत्र के माध्यम से अवगत कराया हैं। और बताया कि वर्तमान समय में गौरव पथ का कार्य प्रगतिशील है, जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों का आवगमन बाधित हो रहा है, उसके बावजूद भी दुकानदार अपने दुकान के सामने सामग्री व वाहन रखे हुए हैं, जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटनाएं घट रही है। वही इस पूरे समस्याओं पर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सीएमओ द्वारा त्वरित कार्यवाही करने समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

जैतखाम मानव समाज को सत्य अहिंसा प्रेम का संदेश देती है: दिनेश

महासमुंद। ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सतनामी समाज द्वारा नवनिर्मित जोड़ा जैतखाम की लोकार्पण फाल्गुन माह के साते तिथि में गिरौदपुरी मेला पर साधु संतों व प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सामाजिक पदाधिकारी व पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर श्वेत झंडा चढ़ाया गया। कार्यक्रम में दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, भरत गेंड्रे, सोमनाथ टोंडेकर, हीरा जोगी, नेतराम जांगड़े मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि दिनेश बंजारे ने जैतखाम के नियमित रखरखाव व आरती मंगल करने समाज से अपील करते हुए कहा कि जैतखाम कोई साधारण खाम नहीं है, यह गुरु घासीदास बाबा के सात सिद्धांत 42 वाणी की स्मरण कराने के साथ ही मानव कल्याण के लिए समानता का संदेश देती है। इसलिए प्रति सोमवार को सामूहिक आरती कर सतनाम संस्कृति पर अडिग रहने को कहा। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने कहा कि जैतखाम की स्थापना निर्विवाद जगह में सबकी सहमति से हो तथा व्यक्तिगत तौर पर विवादित जगहों पर गढ़ाया जाना समाज का अपमान है। भरत गेंड्रे ने समाज को गुरु घासीदास बाबा के राह में चलने व संगठित रहने का आग्रह किया। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर व सरपंच ढीवर ने अपनी जीत को गुरु घासीदास बाबा का आशीर्वाद बताया।

होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की सख्त कार्रवाई, मिलावटी खाद्य पदार्थ नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरिशंकर पैकरा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच एवं सख्त निगरानी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानु एवं शंखनाद भोई के नेतृत्व में विगत दो माह में कुल 49 खाद्य नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं चलित खाद्य प्रयोगशाला की टीम ने 131 खाद्य पदार्थों के सर्वेक्षण नमूने एकत्र किए, जिनमें से 08 खाद्य पदार्थ अवमानक पाए गए। इन सभी को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। टीम ने विक्रेताओं को अखाद्य रंगों के उपयोग से बचने, तले हुए खाद्य पदार्थों को अखबारी कागज में न परोसने तथा खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत दी है। त्योहारी सीजन में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच जारी है और संकलित नमूने रायपुर की प्रयोगशाला को भेजे जा रहे हैं। विगत वर्षों की कार्रवाई में दीपावली त्योहार में अवमानक व मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ बेचने पर 08 प्रकरण अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं निर्णयन अधिकारी महासमुंद के न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 02 प्रकरण में 20,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। वहीं होली में 11 विधिक नमूने संकलित किए गए, जिनमें से 02 अवमानक पाए गए। संबंधित फर्मों पर कुल 30,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया और उन्हें सचेत किया गया।

बिंद्रावन में सरपंच एवं पंचों ने लिया शपथ

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिंद्रावन के नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री ठाकुर एवं पंचों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

जिला जेल में तनाव प्रबंधन के विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदी और स्टॉफ के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि बताया गया। वहीं रोकथाम के उपाय सुझाए गए। इसमें अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखने, आपसी समन्वय स्थापित करने, एक दूसरे से वार्तालाप, हल्का व्यायाम, प्रतिदिन योगाभ्यास, स्वयं की सफाई, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद लेने, टीवी देखने, डीप ब्रीथिंग बलून आदि बताया गया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल साहू साइकेट्रिक, नर्स व टीम का सहयोग रहा। कार्यशाला में करीब 108 बंदी शामिल रहे।